**KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I**


*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*


# e- Reporter

## Services during

## COVID-19 Lockdown Period

*(March 25 to May2, 2020)*





# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

## Farm advisory services

- KVK prepared a leaflet about protective measures during crop harvesting and sowing and provided to farmers through electronic media by covering 800 farmers in the district.



कोविड-19

संकट के मद्देनजर फसल कटाई व बुवाई के दौरान किसान भाई और बहनों के लिये

कृषि विज्ञान केन्द्र, हनुमानगढ़-Ist ग्रा. वि. संगरिया

द्वारा दिये गये सुरक्षात्मक सुझाव

आज विश्व कोरोना महामारी से लड़ रहा है। भारत में लॉकडाउन की घोषणा है। क्योंकि मानव सुरक्षा सबसे ऊपर है। इधर रबी फसलें कटाई के लिये तैयार है। ऐसे में रबी फसलों की कटाई व मानव जीवन की रक्षा दोनों ही कार्य प्राथमिकता पर हैं। भारत सरकार ने उक्त दोनों बातों को दृष्टिगत रखते हुये कुछ दिशा निर्देश जारी किये हैं। क्योंकि किसान व मजदूरों को इन विषम परिस्थितियों में काम करने का अनुभव पहले कभी नहीं रहा। इन सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामोत्थान विद्यापीठ, संगरिया रबी फसलों की कटाई व खरीफ फसलों की बुवाई करते समय कुछ सुरक्षात्मक सुझाव दे रहा है। ये सुझाव इस बीमारी को फैलने से रोकने हेतु है।

भारत सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या 2440-3/2020-डीएम-आई (ए) के अनुसार कृषि उत्पादों की खरीद एवं बिक्री में लिप्त सभी एजेन्सिया, मण्डियां, राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित इकाईयां, किसान एवं कृषि श्रमिकों द्वारा किसानी कार्य, फार्म मशीनरी में लिप्त कस्टम हायरिंग सैंटर, उर्वरक, कीटनाशक व बीज की दुकानें, निर्माण एवं पैकेजिंग इकाईयां खुली रहेगी। इसके अलावा खेती में प्रयोग होने वाली मशीनें जैसे कम्बाइन हारवेस्टर व अन्य कृषि एवं बागवानी में उपयोग होने वाली मशीनों को राज्य के बाहर लानें एवं ले जाने की छुट दी गई है।

- भारत सरकार द्वारा जारी स्वास्थ्य सलाह के आधार पर किसान भाई फसल काटने के दौरान सामाजिक दूरी बनाये रखें। किसान काम करने और खाने पीने के दौरान एक-दूसरे से कम कम से कम 3 मीटर की दुरी बनाये रखें। खाना खाने से पहले व बाद साबुन व पानी के साथ अच्छी तरह से हाथ धोयें। भोजन, पानी अथवा अन्य पेय आपस में सांझा न करें।
- अपना मुंह ढककर रखें पुरुष साफा से ढाठा मारकर रख सकते हैं। कटी फसल के भरोटे/पुली को बांधते समय निश्चित दूरी बनाकर रखें। अपने द्वारा काटी फसल को स्वयं अलग रखें व खुद ही गांठ से बांधे। मदद सांझा न करें।
- जहां तक सम्भव हो परिचित व्यक्ति को ही खेतों के कार्य में लगायें।
- जहां तक सम्भव हो कृषि कार्य कृषि यंत्रों से ही किया जाये तथा उपयुक्त व्यक्ति को ही ऐसे संयंत्रों को चलाने दिया जाये।
- कृषि कार्यो में लगे संयंत्रों को कार्यो के पूर्व तथा समाप्ति पर साफ किया जाना चाहिये। साथ ही साथ बोरी तथा अन्य पैकेजिंग सामग्रियों को भी साफ किया जाना चाहिये।
- पूली/गांठ/बौरे का आकार(वजन)कम रखें ताकि एक व्यक्ति स्वयं उठा सकें। फसल की कटाई के समय एक दूसरे की दरांती आदि सांझा न करें।
- खेत में प्रयोग होने वाले कपड़ों को काम के बाद साबुन/डिटर्जेंट से धोकर धूप में सुखायें।
- थ्रेसर, स्ट्रा-रीपर और कम्बाइन हार्वेस्टर आदि मशीनी औजार का उपयोग करते हुये उपर्युक्त सामाजिक बनायें व मास्क भी लगायें। ट्रैक्टर/कम्बाइन या अन्य कृषि यंत्र का ड्राईवर नियत रखें। और इनकी कृषी यंत्रो की साफ सफाई रखें।
- फसल कटाई का काम खेत के बाहरी घेरे से शुरु करें। ताकि अधिक समय तक सामाजिक दूरी बनी रहे तथा पुरी बाजू की शर्ट/कुर्ता पहनकर कृषि कार्य करें।
- दोपहर में आराम करते समय भी आपसी दूरी बनाये रखें। कृषि कार्य के दौरान खेत में साबुन, डिटर्जेंट तथा पानी पर्याप्त मात्रा में रखें तथा खाने के बर्तनों को साबून/डिटर्जेंट वाले पानी से अच्छी तरह साफ रखें। पानी पीते समय कुल्हड़/गिलास व सकौरे का उपयोग करें तथा अपने बर्तनों को अलग रखें।
- फल और सब्जियों की कटाई के दौरान और कटाई के बाद उपयोग में लाये गये थैले/झोले आदि का आदान प्रदान न करें व उनको उठाने से पहले और बाद में अपने हाथ पैर सावधानीपूर्वक धोयें।
- बीज उत्पादक किसानों को अपने बीजों को लेकर बीज कम्पनियों तक ट्रांसपोर्ट करने की इजाजत है बशर्ते उन किसानों के पास सम्बंधित दस्तावेज हो तथा भुगतान के वक्त समुचित सावधानी बरतें।
- इनके अतिरिक्त किसानों के द्वारा उनके प्रक्षेत्रों पर तैयार सब्जियों के बीज को सीधे विपणन में किसानों को विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है।
- Covid-19 से बचाव के लिए आरोग्य सेतू एप्प का डाऊनलोड करें व दूसरों को प्रेरित करें।
- पशुशाला में उचित दूरी बनाकर ही कार्य करें।
- पशुओं की ठांण तथा पानी की खेड़ में सप्ताह में कम से कम दो बार चूने की पुताई करें।
- पशुशाला/मुर्गीशाला में बुझे हुए चूने का छिड़काव करें।
- पशुशाला में उपयोग में आने वाले बर्तनों को लाल दवा के घोल से साफ करके तथा साफ पानी से धोकर ही इस्तेमाल करें।
- दूध बेचते समय ग्राहक से उचित दूरी बनाकर रखें, पशुओं में समय-समय पर टीकाकरण आवश्य करवाऐं।
- किसी भी आगन्तुक का पशुशाला में प्रवेश ना करने दें।
- पशुओं में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी पशुचिकित्सक से संपर्क करें।

उपर्युक्त सुझाव रोजाना के कृषि कार्यो को ध्यान में रखकर सुझायें गये है किसान भाईयों से निवेदन है कि सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करें।


वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष


# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

## Farm advisory services

- KVK provided farm advisories through M-Kisan by covering 70832 farmers.
- KVK uploaded farm advisories on KVK website and KVK portal.




- KVK unit of DAMU issued 8 weather based Agro Advisories by covering 68953 farmers.

**Gramin Krishi Mausam Sewa**

Experimental Block Level Agromet Advisory Bulletin

(A Joint Initiative of IMD & ICAR )

**Agromet Advisory Bulletin**

**Date : 01-05-2020**

**Weather Forecast of SANGARIA Block in HANUMANGARH(Rajasthan) Issued On :2020-05-01(Valid Till 08:30 IST of the next 5 days)**

| Date (y-m-d) | Rainfall (mm) | Tmax (°C) | Tmin (°C) | RH I (%) | RH II (%) | Wind Speed (kmph) | Wind Direction (Degree) | cloud cover (Octa) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2020-05-02 | 0.0 | 41.2 | 25.3 | 17 | 8 | 13.0 | 242 | 2 |
| 2020-05-03 | 0.1 | 40.1 | 23.6 | 29 | 11 | 14.0 | 71 | 2 |
| 2020-05-04 | 2.6 | 37.3 | 19.3 | 37 | 14 | 18.0 | 90 | 4 |
| 2020-05-05 | 3.6 | 35.9 | 21.1 | 41 | 17 | 13.0 | 158 | 7 |
| 2020-05-06 | 2.7 | 34.6 | 18.3 | 53 | 17 | 20.0 | 120 | 3 |

**Weather Summary/Alert:**

In coming days possibility of variable in weather. There is a possibility of weather may remain dry with hot western winds from May 2 and 3 May. There after possibility of light to moderate rains/thunder storm accompanied with moderate wind speed 15-25 kmph isolated places in the region on 5 and 6 May.The expected maximum temperature will be 34.6 to 41.2°C and expected minimum temperature will be 18.3 to 25.3 °C during next five days.

आने वाले दिनों में मौसम में परिवर्तन की संभावना।2 मई व् 3 मई तक गर्म पश्चिमी हवाओं के साथ मौसम शुष्क रहने की संभावना है5 से 6 मई को इस क्षेत्र में मध्यम हवा 15-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ हल्की से मध्यम बारिश / गरज के साथ की संभावना।अगले पांच दिनों के दौरान अपेक्षित अधिकतम तापमान 34.6 से 41.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.3 से 25.3 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है।

# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

## मौसम आधारित कृषि सलाह

- बारिश की सम्भावना को देखते हुये नरमा की बिजाई 4–6 मई के मध्य रोक लें।
- फसलों की कटाई, कढाई करते समय बदलते मौसम का ध्यान रखें तथा कटाई व कढाई जल्दी से जल्दी पूरी करें।
- गेंहूँ की कटाई उपरान्त बंडल अवश्य बांधें ताकि तेज हवा चलने से बिखर न सकें।
- तूडी/भूसा को अच्छी प्रकार से ढ़कें ताकि हवायें चलने पर उड़ न सके तथा बारिश होने पर न भीगे।
- कटी हुयी फसल व कढाई उपरान्त अनाज को सुरक्षित स्थान पर अवश्य रखें।
- बारिश की सम्भावना को देखते हुये किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि गेंहूँ व सरसों मन्डी में ले जाते समय तिरपाल आदि का प्रबन्ध अपने साथ अवश्य रखें।
- कोरोना से रक्षात्मक बचाव के लिये कटाई, कढाई करते समय व मन्डी में मास्क अवश्य लगायें व एक दूसरे से आवश्यक दूरी (2 गज) बनाकर रखें तथा साबुन व सेनेटाइजर से बार–बार हाथ धोयें।
- फसल कटाई के उपरान्त अवशेषों को न जलायें। फसल अवशेषों को भूमि में दबायें व भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ायें।

---

जन–जन को दें ये सन्देश। नहीं जलायेंगे फसल अवशेष।।

भूमि में दबायेंगे। उर्वरा–शक्ति बढ़ायेंगे।।

स्वस्थ रहें सुरक्षित रहें

**कृषि विज्ञान केन्द्र, संगरिया**

# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

## बागवानी फसलों के लिये सलाह


- ✓ बागों में लगातार नमी बनाये रखें तथा जो बाग ड्रिप संयंत्र पर आधारित है उनके एक दिन के अन्तराल पर नियमित रुप से ड्रिप चलायें। ड्रिप सुबी या सायं के समय ही चलायें।
- ✓ नीम्बू वर्गीय फलवृक्षों में फल सड़ने से रोकने के लिये 2–4 डी (हॉर्टीकल्चर ग्रेड) 1 ग्राम व टिल्ट 100 ग्राम प्रति 100 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
- ✓ नीम्बू वर्गीय फलवृक्षों में सिट्रस सिल्ला, लीफ माइनर व माईटस का प्रकोप हो सकता है इसके लिये नियमित रुप से बागों का निरीक्षण करें तथा आवश्यक होने पर उचित दवा का छिड़काव करें।
- ✓ सब्जियों में तापमान बढ़ने के कारण नमी की कमी हो रही है। इसके लिये खेत में लगातार नमी बनाये रखें।



# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

- KVK provided Arogya Setu App link to 3200 farmers (approximate) through 19 Whatsapp groups.




- KVK provided extension services on importance of wearing mask in field activities.





# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*










# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*





- KVK prepared masks through Self Help Group and provided to farmers free of cost.





# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

- KVK created awareness on beware of COVID-19 through phone calls.
- KVK published newspaper clips on prevention of COVID-19 and Azolla for animals.



## कृषि कार्य में सामाजिक दूरी व मास्क का उपयोग करें किसान - डॉ. अनूप कुमार

**इबादत न्यूज/धीरज गोयल**
**संगरिया, 28 अप्रेल।** अब रबी फसलों की कटाई व कढ़ाई का समय है, जिसे अनिवार्य रुप से किसानों को करना है। इस बात को ध्यान में रखते हुये खेती सम्बंधी कार्यों के लिये किसानों को राहत दी गई है। इससे कृषि और खेती से सम्बंधित गतिविधियों को बिना किसी असुविधा के सुनिश्चित किया जा सकेगा ताकि आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और किसानों को लॉकडाउन के दौरान किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रा.वि. के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार ने बताया कि किसान भाईयों को कृषि सम्बंधी महत्वपूर्ण कार्यों को करने के लिये आवश्यक सावधानी एवं सुरक्षा का पालन करना बहुत जरुरी है। किसान भाई कृषि कार्यों को करते समय सामाजिक दूरी 2 गज बनाये रखें। चेहरे पर मास्क जरुर लगायें। हाथों को साबुन से बार-बार धोयें।

सुरक्षा हेतु पूरे कपड़े पहनना, कृषि उपकरण व यंत्रों की नियमित साफ-सफाई, फसल कटाई करते समय अलग-अलग पट्टियों में काम करने, पीने के पानी की बोतल अलग-अलग रखने, पहनने के लिये काम में लिये गये कपड़ों को धूप में सूखाने के बाद ही पुनः काम में लेवें। उन्होने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को खांसी, जुकाम, बुखार, सिर दर्द आदि लक्षण हो तो उसे कृषि कार्य से अलग रखें तथा तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सूचित करें। किसान भाई शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु विटामिन सी युक्त आहार जैसे सन्तरा, नारंगी, दूध, दही, पनीर व दालों का प्रयोग करें। इन्होनें बताया कि अनाज का भण्डारण करते समय नमी की मात्रा 10 प्रतिशत से कम रखें तथा वायूरोधी बनाकर सेल्फॉस पाउच या मैलाथियॉन 4 प्रतिशत चूर्ण का उपयोग करें ताकि खाद्यान को लम्बे समय तक सुरक्षित रखा जा सके।

» कृषि विज्ञान केन्द्र कर रहा फसल कटाई के समय किसानों को जागरूक



## अजोला बढ़ाता दुग्धोत्पादन

**सप्ताह का साक्षात्कार**

राजस्थान कृषि प्रधान राज्य है। यहां की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था कृषि उत्पादन द्वारा संचालित होती है और कृषि का एक महत्वपूर्ण अंग है पशुपालन। पशुपालन का ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पोषण, संस्कृति एवं रोजगार में अभिन्न योगदान है। राज्य की कुल सकल घरेलू आय (जीडीपी) में लगभग 11.0 प्रतिशत की भागीदारी पशुपालन प्रक्षेत्र की है तथा राज्य का स्थान कुल पशुधन सम्पदा में तृतीय है। पशुओं के उचित शारीरिक विकास, अधिक दुग्ध उत्पादन एवं उत्तम स्वास्थ्य हेतु पशु में हरे चारे की कमी पाई जाती है। हरे चारे की पूर्ति हेतु पशुआहार में दाने की मात्रा में वृद्धि की जाती है। इस परिस्थिति में अजोला अधिक महंगे एवं व्यवसायिक दाना मिश्रण का सस्ता एवं बेहतर विकल्प हो सकता है। इसी विषय पर हलधर टाइम्स की डॉ. मुकेश कुमार से हुई बातचीत के मुख्यांश...

**जीवन परिचय**

डॉ. मुकेश कुमार कृषि विज्ञान केन्द्र संगरिया-हनुमानगढ़ में विषय विशेषज्ञ पद पर अपनी सेवा दे रहे है। मूलतः सार्दुलशहर से तालुक रखने वाले डॉ. कुमार ने लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु शिक्षा विश्वविद्यालय हिसार-हरियाणा से एमवीएससी उपाधि ली। इसके बाद अनेक संस्थाओं में अध्यायपन और रिसर्च का कार्य किया। इनके अनेक आलेख और रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके है।

- पशुपोषण प्रबन्धन से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में नवीन वैज्ञानिक तकनीक क्या है?
- अजोला क्या है, पशुपोषण में इसका क्या महत्व है?
- अजोला उत्पादन क्यारी का रखरखाव कैसे करें?
- अजोला उत्पादन लागत क्या है?
- अजोला का पशुओं के लिए उपयोग

**कैसे करें?**

- As per the guidelines of National Bee Board, 135 bee keepers of the district were advised to migrate bee boxes. Out of these, 52 bee keepers took their bee boxes to places elsewhere.





# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

## पशु पालकों के लिये सलाह

- पशुशाला में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- किसी भी बाहरी व्यक्ति को पशुशाला में प्रवेश न करने दें।
- मास्क, जूतों व दस्तानों का प्रयोग करें।
- उपभोक्ताओं को दूध देते समय ध्यान रखें कि पशुशाला के बर्तन व अन्य उपकरण किन्हीं अन्य व्यक्तिओं द्वारा न छूए जायें।
- तापमान बढ़ने के साथ–साथ पशु को तनाव से बचाने के लिये दिन में कम से कम एक बार नहलायें। सिर पर पानी डालें तथा 3–4 बार पानी पिलावें।
- पशुओं को छायादार, ठन्डी व हवादार जगह पर बांधें।
- अधिक दूध देने वाली संकर गायें प्रायः अधिक तापमान सहन नहीं कर पाती हैं, अतः ऐसे पशुओं के लिये उचित प्रबन्ध करें व संन्तुलित आहार दें।





# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

# Seed &Input services

## Planting material

**Vegetables (Saplings)**

| | | |
|---|---|---|
| Chilli | - | 4589 nos. |
| Tomato | - | 255 nos. |
| Brinjal | - | 736 nos. |
| Cucurbits | - | 221 nos. |

Fruits

| | | |
|---|---|---|
| Cirtus | - | 4 nos. |

## Fish products

| | | |
|---|---|---|
| Ornamental fishes | - | 11 nos. |
| Fish feed | - | 3 pkts. |

## Other material

| | | |
|---|---|---|
| Worms | - | 8 kg |
| Vermi-compost | - | 62 kg. |
| Azolla seed | - | 30 kg |

## Seed for Kharif 2020

| | | |
|---|---|---|
| Clusterbean (HG 2-20) | - | 11.80 q |
| Mungbean (MH 421) | - | 10.50 q |

## Seed production for Rabi 2020-21

| | | |
|---|---|---|
| Wheat(HD-3086, HD-2967, HD-3117, HD-3226 & HDCSW-18) | - | 110.00 q |
| Mustard | - | 15 q |

# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*





- Scientists preparing Trichoderma at Krishi Vigyan Kendra Hanumangarh-I during Lockdown due to COVID-19.







# KRISHI VIGYAN KENDRA, HANUMANGARH-I

*Gramotthan Vidhyapeeth, Sangaria (Raj.)*

- Participation in Zonal Research Extension Advisory Committee (ZREAC Kharif 2020) meeting held on 27.04.2020 through Cisco webex App.







